NEWS CLIPPING:07.05.2023

PUNJAB KESARI

औद्योगिक कौशल पर मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम संपन्न हुआ

फरीदाबाद, 6 मई (सूरजमल/पूजा): विद्यार्थियों को उद्योग के अनुरूप कौशल प्रदान करने तथा उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के दृष्टिगत जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह पाठ्यक्रम नई तकनीकों, उद्यमिता और वित्तीय प्रबंधन पर केंद्रित था।

कार्यक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें नारनिक्स टेक्नोलॉजी से डिजाइन रणनीतिकार और वास्तुकार एन. किशोर नारंग, कपायो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक वाई.पी. सिंह और एचएसबीसी गुरुग्राम में एवीपी हितेश प्रताप छोंकर शामिल रहे। पाठ्यक्रम के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप डिमरी ने की और इसका संचालन डॉ. रश्मि चावला और डॉ. संगीता ढल ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को रोजगार के अवसरों के दृष्टिगत व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने पूर्व छात्र नेटवर्क के सहयोग से विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को सीखने का अनुभव प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर विश्वविद्यालय छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान कर सकता है जो उन्हें बदलती औद्योगिक जरूरतों के लिए सक्षम बनाएगा।

मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के संपन्न अवसर पर प्रतिभागी एवं अन्य समूह

NEWS CLIPPING:07.05.2023

HINDUSTAN

उद्यमिता और वित्तीय प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

- छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने का प्रयास
- छात्रों की जिज्ञाशा का समाधान भी निकला

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददता। जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के लिए उद्यमिता और वित्तीय प्रबंधन विषय एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

यह पाठ्यक्रम नई तकनीक के साथ उद्यमिता और वित्तीय प्रबंधन पर केंद्रित रहा। ताकि छात्रों में उद्योग के अनुरूप कौशल प्रदान करने तथा उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने में सहायक हो सके। इसके दृष्टिगत उद्यमिता और वित्तीय प्रबंधन पर छात्रों की जिज्ञाशा का समाधान भी निकला। इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें नारनिक्स टेक्नोलाजी से डिजाइन रणनीतिकार और वास्तुकार एन. किशोर नारंग, कपायो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक-निदेशक वाईपी. सिंह, और एचएसबीसी गुरुग्राम में एवीपी हितेश प्रताप छोकर शामिल रहे।

पाठ्यक्रम के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप डिमरी ने की और इसका संचालन डॉ. रश्मि चावला और डॉ. संगीता ढल ने किया।